# हिन्दी विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन

## दिनांक 14 सितम्बर 2024




''डिजिटल युग मे क्या हिन्दी अपना अस्तित्व बचा पाएगी'' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन-''पूरे देश को एक सूत्र में जोड़ती है राष्ट्रभाषा हिंदी:''डॉ. शिशु पाल

डबवाली इलाके की प्रमुख संस्था वरच्युस क्लब के सहयोग से नव प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन ने हिन्दी दिवस पर स्कूल प्रांगण में डिजिटल युग मे क्या हिन्दी अपना अस्तित्व बचा पाएगी विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर शिक्षकों में विद्यालय के प्राथमिक विभाग में निबंध लेखन प्रतियोगिता और वरिष्ठ माध्यमिक विभाग में पत्र वाचन प्रतियोगिता भी करवाई गई।

विद्यालय शिक्षकों बलजिंदर कौर, अमनदीप, कर्मजीत शर्मा, बबली, नीरज और सुनीता आदि शिक्षिकाओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान काल में गूगल मीट एप पर लगभग सभी संस्थाओं की साहित्यिक विचार गोष्ठिया, वेबिनार कवि सम्मेलन आदि सफलता पूर्वक आयोजित किए जा रहे हैं। भाषा वैज्ञानी आज इस डिजिटल युग में हिन्दी भाषा पर अपने नए नए अनुसंधान और प्रयोग कर रहे हैं ताकि कम्प्यूटर और इलैक्ट्रोनिक मीडिया के क्षेत्र में नए-नए शब्दों को हिन्दी भाषा में अपने स्वरूप में सरलीकरण करके प्रयोग किया जा सके। आज हिंदी से जुड़े कई एप मोबाइल और एंड्रायड स्मार्टफोन इत्यादि में उपलब्ध हैं।

क्लब सचिव नरेश शर्मा ने कहा कि हिन्दी भाषा को रोजमर्रा के जींवन में प्रयोग करने से हिन्दी के प्रति आदर और सम्मान बढ़ेगा और साथ साथ भाषायी चुनौतियों को स्वीकार भी करना पड़ेगा। प्रबधक समिति के वरिष्ठ सदस्य परमजीत कोचर ने कविता के माध्यम से मातृ भाषा हिंदी का गुणगान किया। विद्यालय प्रबधक डॉ. वेद प्रकाश भारती ने कहा कि हिन्दी का हृदय बहुत विशाल है, उसने अन्य भाषाओं के शब्दों को इस तरह समाया है जैसे उसके अपने ही शब्द हों, परंतु हिन्दी के शब्दों की एक अपनी महता है क्योंकि हिन्दी संस्कार और संचार की भाषा है इसे बोलने में गर्व महसूस करें।

वहीं, मुख्य वक्ता डॉ. शिशुपाल ने हिन्दी पर विचार रखते हुए कहा कि हमे मूल रूप में हिन्दी के शब्दों की आत्मा और प्रकृति को समझना होगा क्योंकि यह हमारी राष्ट्र भाषा है जो पूरे देश को एक सूत्र से जोड़ती है। इस अवसर पर डॉ शिशुपाल ने बच्चों द्वारा व्याकरण में होती अशुद्धियों पर प्रकाश डाला। संजीव शाद ने कहा कि हिन्दी कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत की अनेकता में एकता बनाए रखने वाली भाषा है। हिन्दी हमारे माथे की बिंदी है।

अंत में विद्यालय प्राचार्या चंद्र कांता ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं, हृदय नहीं पत्थर है वो जिसको स्वदेश से प्यार नहीं और कहा कि भाषा संप्रेषण का सशक्त माध्यम होने के साथ ही संस्कृति की संवाहक भी है। भाषाएं सभी सम्माननीय हैं परंतु हिंदी हमारी मां है और मां सदैव सर्वोच्च होती है। इस अवसर पर बेबी इशिता ने कविता-नारी का सम्मान करो पर अपनी भाव भंगिमाओं से बेहतरीन प्रस्तुति दी। हिंदी व्याख्याता रेखा ने हिंदी के कवियों के दोहे चौपाई और छंदों अलंकारों से ओतप्रोत मंच संचालन बड़ी खूबसूरती से किया।

इस अवसर पर वरच्स क्लब प्रधान हरदेव गोरखी, उप प्रधान जतिंद्र जीतू, क्लब प्रबधक समिति से जतिंद्र शर्मा, अनुशासन अधिकारी मनोज शर्मा लवली, पीआरओ सोनू बजाज, प्रणव ग्रोवर, सुखविंदर चंदी, रमेश सेठी विपन बांसल व विद्यालय का स्टाफ और अन्य हिंदी प्रेमी गणमान्यजन आदि इस सैमीनार में उपस्थित रहे।

# शहीदे आजम सरदार भगत सिंह जयन्ती

## दिनांक 28 सितम्बर 2024



वरच्युस क्लब ने बड़े उत्साह के साथ मनाया शहीद-ए-आजम स. भगत सिंह का 117वां जन्मदिवस-''शहीद भगत सिंह एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार है जो सदैव अमर है: खंड शिक्षा अधिकारी

नगर की प्रमुख संस्था वरच्युस क्लब इंडिया ने शनिवार को स्थानीय राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकंडरी स्कूल में शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह का 117वां जन्म दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में स्थापित स. भगत सिंह व उद्यम सिंह की प्रतिमाओं पर खंड शिक्षा अधिकारी डबवाली लक्ष्मण दास व क्लब प्रधान हरदेव गोरखी ने स्कूल स्टाफ, बच्चों व क्लब पदाधिकारियों के साथ मिलकर माल्यार्पण किया। सभी ने श्रृद्धा भाव से देशभक्ति के नारे लगाते हुए शहीदों का जयघोष किया।

इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण दास ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार हैं जो सदैव अमर है क्योंकि फांसी तो सिर्फ तन को लग सकती है विचारों को नही। उनके जीवन के बारे में पढ़ने से हमारे जीवन मे ऊर्जा आती है।

क्लब प्रधान हरदेव गोरखी ने कहा कि भगत सिंह जैसे आजादी के क्रांतिकारी दीवानो की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने बच्चों को आह्वान किया कि देशभक्तों की शहादत से मिली आजादी को हम सब ने बरकरार रखना है, उनके सपनों को साकार करने के लिए देश के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना है। इस दौरान स्कूल प्रांगण भारत माता की जय और शहीदों की जय-जयकार से गूंज उठा। क्लब के चीफ कोऑर्डिनेटर से संजीव शाद ने अपने अंदाज में स. भगत सिंह के क्रान्तिकारी जीवन के पहलुओं के बारे में बताकर सब में जोश का संचार कर दिया। अंत में क्लब पदाधिकारी सुखविंदर चंदी ने ने सभी का धन्यवाद किया। मौके पर क्लब प्रबंधक समिति के सदस्य तरसेम गर्ग, मनोज शर्मा, ज्ञानी ज्ञान सिंह के अलावा स्कूल स्टाफ सदस्यों में पवन यादव, इंद्रजीत,कृष्णा कायत, निर्मल सिंह, सत्यपाल जोशी, भीम राय, गुरप्रीत सिंह, नवजोत रिषि, रजनी व स्कूल के स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कराओके संगीतमयी कार्यक्रम का आयोजन

## दिनांक 12 नवम्बर 2024




वरच्युस क्लब द्वारा संगीतमयी दूसरा कराओके कार्यक्रम का आयोजन, लोगों ने गीतों भरी शाम का खूब आनंद लिया –भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव दूर करता है संगीत (संजीव शाद) डबवाली नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था वरच्युस क्लब द्वारा वरच्युस भवन में संगीतमयी कराओके शाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय गायकों ने नए पुराने सदाबहार गीतों की शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। उपस्थित लोगों ने गीतों भरी इस शाम का खूब आनंद लिया व सराहना की।

क्लब प्रबंधक समिति के सदस्य परमजीत कोचर ने 'राम आएंगे तो तो अंगना सजाऊंगी' भजन गाकर कार्यक्रम की शरुआत की।डा. श्रवण बांसल ने जिंदगी इक सफर है सुहाना, राकेश सिंगला ने मेरे नैना सावन भादो, जसदीप ने ''दीवाना मुझसा नहीं'', भारत भूषण वधवा ने ''पल पल दिल के पास'', प्रवीण सिंगला ने ''हमे तुमसे प्यार कितना ये हम नहीं जानते,'' मनोज शर्मा ने ''पर्दा है पर्दा,'' रजनी मोंगा ने ''फिजां भी है जवां जवां,'' राजिंदर छाबड़ा ने ''दिल के झरोखे से,'' प्रवीण ने ''मेरे दिल के चैन,'' नरेश शर्मा ने ''बेखुदी में सनम उठ गए जो कदम,'' सोनू बजाज ने इक प्यार का नगमा है'' आदि गीत सुनाते हुए शानदार प्रस्तुतियां दी।

संबोधन में रंगकर्मी संजीव शाद ने आए हुए सभी मेहमानों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में संगीत भी तनाव दूर करता है। कुछ समय निकालकर हमे गीत, संगीत जरुर सुनने चाहिए। ऐसी संगीतमयी शामें भी मन को सुकून से भर देती हैं। प्रकल्प प्रमुख मनोज शर्मा ने कहा कि वरच्युस क्लब द्वारा यह दूसरी ओर इस प्रकार की संगीतमयी शाम आयोजित की गई है। इससे पहले भी गीतों भरी शाम का आयोजन किया गया था, जो कि बहुत सफल रही थी। भविष्य में नियमित तौर पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे व नए गायकों को भी साथ जोड़ा जाएगा। मंच संचालन नरेश शर्मा ने बखूबी किया।

इस मौके पर प्राचीन शनि मंदिर कमेटी के प्रधान विजयंत शर्मा, लायंस क्लब सुप्रीम के प्रधान इंद्रजीत गर्ग, लायंस क्लब डिलाइट के रिषि पपनेजा, पंकज मेहता, सुरेश नागपाल, हैप्पी मोंगा, सीए एमएल ग्रोवर, अशोक सेठी, प्रवीन गर्ग, मनोज सिंगला, प्रिंसिपल सुशील कुमार मेहता, ज्ञानी ज्ञान सिंह, प्रणव ग्रोवर, जितेंद्र जीतू सेठी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# टेबल टेनिस चैंपियनशिप

## दिनांक 14 नवम्बर 2024







वरच्युस क्लब के तत्वावधान में दो दिवसीय द्वितीय टेबल टेनिस चौंपियनशिप का शुभारंभ-''खेल का मैदान व खेल भावना जीवन में ऊर्जा भर देते हैं''(डॉ. मनमीत गुलाटी) डबवाली नगर की प्रमुख संस्था वरच्युस क्लब इंडिया द्वारा बाल दिवस के अवसर पर वीरवार शाम को दो दिवसीय द्वितीय टेबल टेनिस चौंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर मनमीत गुलाटी मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे व चौंपियनशिप का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में डा. मनमीत गुलाटी ने कहा कि खेल जीवन का आधार है, खेलों में भाग लेने से शारीरिक संतुलन बना रहता है। खेल का मैदान व खेल भावना जीवन में ऊर्जा भर देते हैं। वर्तमान दौर में बच्चे मोबाइल का शिकार हो कर अपनी सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस अवसर पर लायंस क्लब के पदाधिकारी सतीश जग्गा ने कहा युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है, स्वस्थ ''युवा ही स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं।''

इससे पहले वरच्युस क्लब प्रधान हरदेव गोरखी ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। सचिव नरेश शर्मा ने क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी। पहला मैच लड़कियों के ओपन वर्ग में टैवी और मनसीरत के बीच हुआ, जिसमें टेवी ने जीत हासिल की। दूसरे मैच में भविष्य ने नवीन नागपाल को व तीसरे मैच में मनीत ने लवनीश मित्तल को हराया। इसके बाद अलग-अलग वर्गों में अन्य मैच हुए जो शुक्रवार को भी जारी रहेंगे। प्रकल्प प्रमुख सोनू बजाज ओर रमेश सेठी ने बताया की यह चौंपियनशिप क्लब द्वारा दूसरी बार करवाई जा रही है। इसका फाइनल मैच शुक्रवार, 15 नवंबर को खेला जाएगा। शाम 3 बजे आयोजित होने वाले समापन समारोह में डबवाली के विधायक आदित्य देवीलाल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे व विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। इस प्रतियोगिता में करीब 40 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। समापन अवसर पर नीलाम घर का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें क्विज मास्टर के रूप में नरेश शर्मा द्वारा बड़े ही रोचक तरीके से सवाल जवाब किए जाएंगे। इस आयोजन में डबवाली टेबल टेनिस अकादमी के कोच पुनीत सिंगला विशेष सहयोग दे रहे हैं।

इस अवसर पर संजीव शाद, विजयंत शर्मा, परमजीत कोचर, तरसेम गर्ग, वेद कालड़ा, प्रवीन, डॉ. बीर चंद गुप्ता, डॉ. वेद भारती, मनोज शर्मा, सुखविन्दर चंदी, सुमित भारती, भारत वधवा, विकास कालुआना, सुमित अनेजा व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

An NGO Dedicated to the Society as a Whole.....

# गणित मेला
## दिनांक 21 दिसम्बर 2024




महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की याद में 21 दिसंबर को वरच्युस क्लब लगाएगा दूसरा गणित मेला। डबवाली नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था वरच्युस क्लब के तत्वावधान में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की याद में राष्ट्रीय गणित दिवस की पूर्व संध्या पर 21 दिसंबर को राजकीय कन्या विद्यालय में दूसरे गणित मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत गणित मॉडल प्रदर्शनी, गणित विषय पर विचार गोष्ठी व ओपन मैथ क्विज़ करवाया जाएगा। क्लब के चीफ कोआर्डिनेटर संजीव शाद ने बताया कि यह प्रकल्प विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति भय व घबराहट को दूर करने के उद्देश्य से क्लब द्वारा हर साल लगाया जाता है। श्रीनिवास रामानुजन भारत के महान गणितज्ञ थे जिन्होंने संख्या, सिद्धांत, फलन और अनंत श्रृंखला में योगदान दिया। उन्हें आधुनिक काल के महानतम गणित विचारकों में गिना जाता है। 22 दिसंबर को उनका जन्म दिवस राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रकल्प प्रमुख सोनू बजाज व प्रवीण बांडी ने बताया कि इस प्रकल्प में ब्लॉक स्तर के स्कूलों की टीमों को आमंत्रित किया गया है। इसके तहत विद्यार्थी अपने गणित मॉडल्स को मेले में प्रदर्शित करेंगे। विजेताओं को नगद राशि, प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया जाएगा। उनके साथ आने वाले गणित अध्यापकों को श्री रामानुजन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर क्लब सचिव नरेश शमा विद्यार्थियों में ओपन मैथ क्विज़ करवाएंगे जबकि विचार गोष्ठी में पूर्व जिला गणित विशेषज्ञ नीरज पाहूजा, अनिल कुमार, चंद्रप्रकाश व गणित विशेषज्ञ मनीष गुप्ता मैथ विषयों की बारीकियों व विशेष तकनीक के प्रति बच्चों को जागरूक करेंगे।

An NGO Dedicated to the Society as a Whole.....

# शहीद उद्यम सिंह कम्बोज जयंती

## दिनांक 26 दिसम्बर 2024



वरच्युस क्लब ने शहीद शिरोमणि उधम सिंह कंबोज को उनकी जयंती पर माल्यार्पण कर याद किया–''वीर सपूतों की धरती पर जन्म लेना हमारे लिए गर्व व सम्मान की बात'' (खंड शिक्षा अधिकारी) डबवाली नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था वरच्युस क्लब ने आज वीरवार को शहीद शिरोमणि उधम सिंह कंबोज को उनकी जयंती पर याद किया। क्लब सदस्य प्रधान हरदेव गोरखी के नेतृत्व में एकत्रित हुए व स्वतंत्रता सेनानी वैद्य राम दयाल राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पहुंचकर वहां स्थापित शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहां स्थापित अन्य शहीदों की प्रतिमाओं पर भी पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें भी नमन किया गया।

इस मौके पर संबोधन में क्लब प्रधान हरदेव गोरखी ने कहा कि देश के लिए अपनी जान देने वाले शहीद उधम सिंह व अन्य सभी शहीद देश के असली हीरो हैं। उनकी शहादत से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम भी अपने देश के लिए कुछ कर सकते हैं। शहीदों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी लछमन दास ने कहा कि ऐसे वीर सपूतों की धरती पर जन्म लेना हमारे लिए गर्व व सम्मान की बात है। क्लब सदस्य सुखविंदर चंदी ने कहा कि देश के लिए मर मिटने वाले शहीद हमेशा अमर रहते हैं। उनकी शहादत से देश के लिए कुछ कर गुजरने की सीख मिलती है। शहीद उधम सिंह सहित देश के सभी अमर बलिदानियों की शहादत को देशवासी सदैव याद रखेंगे। इस मौके पर परमजीत कोचर, ज्ञानी ज्ञान सिंह, वेद कालड़ा, जीतू सेठी, संजीव कंबोज, हरकीरत सिंह, कृष्ण कायत, भजन लाल कंबोज, विजय कंबोज व कृष्ण लाल कंबोज व विजय पठान आदि सदस्य मौजूद थे।

# नव वर्ष 2025

## दिनांक 1 जनवरी 2025







आप सब को बहुत नववर्ष की बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाएं ।।

गुरुदेव आत्मा राम अरोड़ा जी के आशिर्वाद से आदरणीय श्री केशव शर्मा जी के कुशल नेतृत्व में क्लब के बढ़ते कदम व सभी सदस्यों की कर्मठ कार्यशली से पूरा Virtuous Club India परिवार बनता है ।।

An NGO Dedicated to the Society as a Whole.....

# वरच्युस क्लब का 42वां स्थापना दिवस

## दिनांक 3 जनवरी 2025




वरच्युस क्लब ने शब्द कीर्तन करते हुए बड़े श्रद्धाभाव से मनाया क्लब का 42वां स्थापना दिवस-सरबत के भले की अरदास की व सामाजिक कार्यों में भागीदारी बढ़ाने का लिया संकल्प। डबवाली नगर की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था वरच्युस क्लब ने क्लब का 42वां स्थापना दिवस शुक्रवार सुबह शब्द कीर्तन करते हुए बड़े श्रद्धाभाव के साथ मनाया। राम नगर कॉलोनी में स्थित गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी ज्ञानी ज्ञान सिंह के नेतृत्व में प्रभात फेरी जब वरच्युस भवन में पहुंची तो क्लब प्रधान हरदेव गोरखी,प्रबंधक समिति व सदस्यों ने फूलों की वर्षा करते हुए संगत, श्रृद्धालुओं का स्वागत किया। इसके बाद गुरुओं की बाणी का पाठ किया गया व सरबत के भले की अरदास की।

क्लब के पीआरओ सोनू बजाज ने बताया कि इस अवसर पर क्लब सचिव नरेश शर्मा ने ''मेहरा वालिया साईआं, रखी चरना दे कोल'' शब्द गा कर सभी को भाव विभोर कर दिया। ज्ञानी ज्ञान सिंह ने भाई कन्हैया जी के जीवन से संबंधित कथा सुनाकर व उनके सेवा कार्यों के बारे में बता कर वहां उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया।
क्लब सदस्यों ने संस्था का नामकरण करने वाले शिक्षाविद स्व. आत्मा राम अरोड़ा को भी याद किया। क्लब संस्थापक केशव शर्मा ने वीडियो कॉल के माध्यम से सदस्यों को वरच्युस क्लब के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संगत के लिए चाय व ब्रेड पकौड़े का लंगर भी लगाया गया। क्लब स्थापना दिवस के अवसर पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमन्दो में 100 कंबल बांटने का कार्य भी शुरू किया। शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर क्लब द्वारा जरुरतमंदों में ये कंबल वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर गुरु नानक दरबार ट्रस्ट की तरफ से सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय भागीदारी निभाने के लिए वरच्युस क्लब को सम्मानित भी किया गया। क्लब के चीफ कोआर्डिनेटर संजीव शाद ने आए हुए मेहमानों का धन्यवाद करते हुए बताया कि वरच्युस क्लब द्वारा पिछले 42 वर्षों में खेल, कला, शिक्षा, स्वास्थ्य व समाजसेवा के अनेक प्रकल्प लगाए गए जिसका लोगों को भरपूर लाभ मिला। सामाजिक भागीदारी निभाने में क्लब ने हमेशा सकारात्मक तरीके से प्रयास किए जिसमें इलाकावासियों का भी खूब सहयोग रहा। इससे पहले वरच्युस भवन में ही अल सुबह योग क्लास भी लगाई गई जिसमें सभी क्लब सदस्य व योग साधक शामिल हुए। मौके पर प्रबंधक समिति सदस्य तरसेम गर्ग ,संतोष शर्मा, वेद कालड़ा, बीरचंद गुप्ता, कुलदीप सिंह, पवन दुरेजा, रमेश सेठी, सुखविंदर चंदी, वेद भारती, सुमित अनेजा, जतिंदर जीतू सेठी, रवि मोंगा, डा.सुखपाल सिंह, लवलीन नागपाल, प्रणव ग्रोवर,लायंस क्लब अक्स के प्रधान कृषि मित्तल, प्रिंसिपल दीपक मोंगा, कृष्ण कामरा निराला, प्रवीन मोंगा, योगाचार्य ओम प्रकाश वधवा, प्रवीन सिंगला व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

An NGO Dedicated to the Society as a Whole.....

# सैमिनार कम वर्कशाप (लेटेस्ट टीचिंग स्किल्स)

## दिनांक 16 जनवरी 2025










सैमिनार कम वर्कशॉप

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखते हुए नव प्रगति सी सै स्कूल डबवाली में टीचिंग स्टाफ को ट्रेंड करने और लेटेस्ट टीचिंग स्किल्स सिखाने के उद्देश्य से दो एक्सपर्ट ट्रेनर को आमंत्रित किया गया। सैमीनार के द्वितीय चरण के फर्स्ट सैशन में एम एच डी कॉलेज आफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ —कृष्ण कांत जी ने हिंदी भाषा को रुचिकर कैसे बनाएं और भाषा शिक्षण कला पर भाषा के विभिन्न पहलुओं को छूते हुए अपने अनुभव से विद्यालय शिक्षकों के रुबरु हुए, उन्होंने बताया कि कक्षा का प्रत्येक विद्यार्थी अध्यापक के लिए विशेष होता है, उनका व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि विद्यार्थी को प्रतिदिन शिक्षक के आने की उत्सुकता बनी रहे। इस अवसर पर विद्यालय निर्देशक डॉ. वेदप्रकाश भारती ने दोनों महानुभावों का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय भाषा हिंदी लेंगुएजस्किल व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर अपने विचार रखे

वर्कशाप के दूसरे सैशन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मसीतां से गणित व्याख्याता श्री सोनू बजाज ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत मैथ के सिलेबस में होने वाले बदलाव और मैथ को पढ़ाने और सिखाने की सरलतम विधियों पर प्रकाश डाला, मैथ को अधिक रुचिकर बनाने के लिए उन्होंने कुछ एक्टिविटीज कर के दिखाई और मैथ के अनेक सूत्रों को विस्तार से समझाया और नये नये प्रयोग करके मैथ की कई नयी जानकारियां शिक्षकों से सांझा की। उन्होंने बताया कि नयी नीति के तहत अब शिक्षकों को अपने विषय की पूर्ण तैयारी के साथ ही कक्षा में प्रवेश करना पड़ेगा, इस सैमीनार में अध्यापकों ने स्वयं को उर्जावान महसूस करते हुए, प्रश्नात्मक संवाद शैली में अपनी उत्सुकता और ज्ञान पिपासा को शांत भी किया और दोनों विषयों की बारीकियों समझा

अंत विद्यालय प्राचार्या चंद्र कांता ने धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे सेमीनार यह विद्यालय अकसर आयोजित करता है ताकि शिक्षक अपडेट रहें और आज आप द्वारा दिया गया अपना बहुमूल्य समय हमारे लिए विशेष उपहार है निश्चय ही हमारे हमारे शिक्षकों ने कुछ नया सीखा है और यही उर्जा इन्हें पढ़ाने में प्रेरित करती रहेगी।

# खुशदिल लम्हात कार्यक्रम

## दिनांक 25 जनवरी 2025








समाज के हर व्यक्ति को खुद से जुड़ी लगती हैं स्व. हरचंद सिंह खुशदिल की रचनाएं (गोपाल सिंह)-पंजाबी साहित्यकार रहे स्व. हरचंद सिंह खुशदिल की याद में खुशदिल लम्हात कार्यक्रम का आयोजन-वरच्युस क्लब एवं एलुमनाई एसोसिएशन गुरु नानक कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम डबवाली शहर के प्रसिद्ध पंजाबी साहित्यकार रहे स्व. हरचंद सिंह खुशदिल की याद में वरच्युस क्लब एवं एलुमनाई एसोसिएशन गुरु नानक कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज के सांस्कृतिक हॉल में ''खुशदिल लम्हात'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हरचंद सिंह खुशदिल की गजलों, गीतों, रुबाइयों, कविताओं, कहानियों पर चर्चा-परिचर्चा की गई व उनके द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई। साथ ही काव्य गोष्ठी में कार्यक्रमों में पहुंचे कवियों व साहित्यकारों ने हरचंद सिंह खुशदिल की रचनाएं सुनाकर उन्हें याद किया।
सबसे पहले गुरुनानक कॉलेज एनसीसी टुकड़ी व पंजाबी विभाग की छात्राओं ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड एसडीएम गोपाल सिंह व कार्यक्रम अध्यक्ष रिटायर्ड सैशन जज जेएस खुशदिल का शानदार स्वागत व अभिनंदन किया। दोनों अतिथियों ने शम्मारोशन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रो. अमित बहल ने अतिथियों व साहित्यकारों का परिचय दिया। वरच्युस क्लब के संस्थापक केशव शर्मा स्व. हरचंद सिंह खुशदिल के जीवन पर प्रकाश डाला व उनके साथ बिताए पलों को भी याद किया। उन्होंने बताया कि हरचंद सिंह खुशदिल हरफनमौला व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक कवि, कहानीकार, एंकर, नाटककार, चित्रकार व जादूगर भी थे। उनकी कलाकृतियां युवा कलाकारों के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेंगी।

कार्यक्रम में अतिथि साहित्यकार के तौर पर पहुंचे रहे डा. दिलबाग सिंह विर्क, छिंद्र कौर सिरसा, मनजीत सूखम ने स्व. हरचंद सिंह खुशदिल की साहित्यिक रचनाओं ''रंगा ते शब्दा दा जादूगर'', ''चांद की ओर'', ''साडा लुटेया शहर भंबोर'' पर चर्चा व परिचर्चा कर उनके काव्य लेखन पहुलओं पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। स्थानीय गायक जसदीप सिंह ने होश कोई होश वाला लै गया, खाली-खाली सिर दा आला रह गया, रसदीप सिंह ने किसी को इस तरह से यूं सताया तो नहीं करते, वंदना वाणी ने बड़ी सोच दिल में उतारों तो चलो फिर व जदो मुश्किल च होनी हां, किताबां खोल लैनी आं''..गाकर स्व. हरचंद सिंह खुशदिल को संगीतमय श्रद्धांजलि दी। कॉलेज की पंजाबी विभाग प्रभारी डा. खुशनसीब गुरबख्शीश कौर ने स्व. हरचंद सिंह खुशदिल की कविताएं व रचनाए सुनाकर कार्यक्रम को साहित्यिक मोड़ दिया।

इस अवसर पर संबोधन में मुख्य अतिथि गोपाल सिंह ने कहा कि स्व. हरचंद सिंह खुशदिल की बहुत सी साहित्यिक रचनाओं व कलाकृतियों में दर्द का एहसास इस कद्र है कि वो रचनाएं मन को भाव विभोर कर देती हैं। लेकिन उन्होंने अपना नाम खुशदिल ही रखा, इससे रचनाएं लिखते समय उनके मन में होने वाले भावपूर्ण संघर्ष को समझा जा सकता है। समाज के हर व्यक्ति को उनकी रचनाएं खुद से जुड़ी ही लगती हैं। त्रिवेणी शहर डबवाली में खुशदिल की याद में इस स्तर के कार्यक्रम का आयोजन करना इस शहर के लोगों की बड़ी अदबी व साहित्य से जुड़ी सोच को प्रदिर्शत करता है।

कार्यक्रम अध्यक्ष जेएस खुशदिल ने कहा कि वे स्व. हरचंद सिंह खुशदिल के परिवार में से हैं लेकिन उन्हें वे अपना गुरु ही मानते हैं। स्व. हरचंद सिंह की रचनाओं को एक-एक कर जुटाना, उन्हें संभालना व फिर उनका किताब में रूप में प्रकाशित करना कठिन कार्य जरुर था, लेकिन साथ ही उन्हें इस बात का गर्व भी महसूस करवा रहा था कि वे एक महान शख्सियत की कला यात्रा का सौभाग्य बन रहे हैं।

एलुमनाई एसोसिएशन नीरज जिंदल ने कहा कि गुरु नानक कॉलेज में आयोजित खुशदिल लम्हात कार्यक्रम से कॉलेज के विद्यार्थियों को भी स्व. हरचंद सिंह खुशदिल के साहित्य से बडी प्रेरणा मिलेगी। एसोसिएशन सचिव सीए मनोहर लाल ग्रोवर ने सातवीं एजीएम में संघ के वैधानिक स्वरूप व एजेंडा का सभी के सम्मुख रखा व गत वर्ष की फाइनेंशियल ऑडिट रिपोर्ट पेश की। एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य सुरजीत सिंह बरजोत ने स्व. हरचंद सिंह खुशदिल के साथ बिताए समय को याद करते हुए उनके जीवन से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खुशदिल की कलात्मक नज़र ने विभिन्न सामाजिक बुराइयों को अपनी कलम से उजागर किया।

इस अवसर पर नामधारी समाज की ओर से सतनाम सिंह नामधारी, इक ओंकार नामधारी, गुरप्रीत, भगत सिंह के अलावा फतेह सिंह आजाद, गिरधारी गुप्ता एवं अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से सुरेंद्र सिंगला व तरसेम गर्ग ने जेएस खुशदिल को सम्मानित किया। एक सूत्रधार के रूप में पूरे कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन प्रसिद्ध रंगकर्मी संजीव शाद ने अपने शेयरो शायरी में परोस कर श्रोताओं को बांधे रखा। अंत में प्रधान हरदेव गोरखी व परमजीत कोचर ने सभी का धन्यवाद किया।

# 76वां गणतन्त्र दिवस
## दिनांक 26 जनवरी 2025






वरच्युस क्लब ने हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस-संविधान सर्वोपरि, सबके अधिकारों का रक्षक है (केशव शर्मा) डबवाली नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था वरच्युस क्लब ने रविवार को देश का 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। वरच्युस भवन में आयोजित कार्यक्रम में क्लब के संस्थापक केशव शर्मा ने तिरंगा फहराने की रस्म अदा की। इससे पूर्व क्लब सदस्यों ने क्लब संस्थापक केशव शर्मा का भव्य स्वागत किया।

संबोधन में केशव शर्मा ने कहा कि संविधान सर्वोपरि है, देश के लोगों के अधिकारों का रक्षक है। हम सबको संविधान के तहत तय किए गए नियमों का पालन करना चाहिए और संविधान के दायरे में रहकर अपने दायित्व निभाने चाहिए। इस अवसर पर क्लब प्रधान हरदेव गोरखी ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी व शहीदों को नमन किया। इसके उपरांत क्लब सदस्यों ने स्वतंत्रता सेनानी वैद्य रामदयाल राज. मॉडल संस्कृति स्कूल में जाकर वहां स्थापित शहीद-ए-आजम भगत सिंह व शहीद उधम सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। सभी में लड्डू बांटे गए। मौके पर सचिव नरेश शर्मा, चीफ कोआर्डीनेटर संजीव शाद, भारत भूषण वधवा, मनोज शर्मा, अमित मेहता, जितेंद्र शर्मा, परमजीत कोचर, तरसेम गर्ग, वेद प्रकाश भारती, रमेश सेठी, वेद कालड़ा, पीआरओ सोनू बजाज, पवन दुरेजा, ज्ञानी ज्ञान सिंह, संतोष शर्मा व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**An NGO Dedicated to the Society as a Whole.....**

# बसंत पन्चमी महोत्सव (राग-रंग कार्यक्रम)

## दिनांक 3 फरवरी 2025










लंबे अर्से बाद डबवाली में सजी शास्त्रीय संगीत की महफिल ''राग-रंग'', कलाकारों ने पेंटिंग्स बनाकर भी बिखेरी वसंत की छटा-राजा राम स्कूल में बने 70 वर्ष पुराने मां सरस्वती के मंदिर में किया पूजन, पीले चावल बांटे। डबवाली नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था वरच्युस क्लब ने भारतीय कला संस्कृति के आधार शास्त्रीय संगीत की एक शानदार महफिल ''राग-रंग'' राजा राम स्कूल के प्रांगण में सजाई। वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य समारोह में स्वर, साज और आवाज से दर्शकों को वसंत के आगमन का भावपूर्ण अहसास करवाया गया । साथ ही कलाकारों व बच्चों ने सुंदर पेंटिग्स बनाकर अधयात्मिकता व प्रकृति की सुंदर छटा बिखेर कर वसंत ऋतु का स्वागत किया।

कार्यक्रम का आगाज़ करने से पहले राजा राम स्कूल के प्रांगण में करीब 70 वर्ष से स्थापित मां सरस्वती के मंदिर में विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सुनील गुप्ता व क्लब के चीफ कोआर्डीनेटर संजीव शाद ने क्लब सदस्यों व स्कूल स्टाफ के साथ मिल कर विधि विधान सहित श्रद्धाभाव से पूजन किया व पीले चावलों का प्रसाद कला साधकों व दर्शकों में वितरित किया गया। माता निर्मला देवी गुप्ता ने प्रबंधक कमेटी सचिव प्रदीप गुप्ता व प्रवीण गुप्ता के साथ ज्योति प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। क्लब सचिव नरेश शर्मा ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों, गायकों, संगीतज्ञों व कला साधकों का स्वागत किया। स्कूल प्रिंसिपल चंदन अरोड़ा ने वसंत ऋतु के महत्व के बारे में बताया। साथ ही वीर हकीकत राय को याद करते हुए उन्हें भी नमन किया। नामधारी सतगुरु श्री राम सिंह जी के जन्म दिन की भी बधाई दी गई।

इसके बाद स्थानीय गायकों रसदीप व जसदीप ने मंच पर मां सरस्वती की आराधना करते हुए संगीत की इस महफिल का भक्तिमय आगाज़ किया। सिरसा से आए संगीतज्ञ डॉ. विनोद कुमार ने जब सितार वादन करना शुरु किया तो समारोह में मौजूद कला प्रेमी मंत्र मुग्ध हो गए। डा. विनोद ने सितार पर तीन ताल में राग अहीर भैरव बजाया। वहीं, ललित ने तीन ताल में राग अहीर भैरव दरबारी में अपनी मधुर आवाज में गाकर सुनाया तो दर्शन तालियां बजाने को मजबूर हो गए। तबले पर उनका साथ सक्षम ने दिया। उन्होंने ''सुख के सब साथी, दुख में ना कोय''...भजन भी सुनाकर दर्शकों को अपने साथ जोड़ लिया। वहीं मोहनम ने जब बांसुरी वादन किया तो उपस्थित कला प्रेमी उसे सुनते ही रह गए। उनकी बांसुरी से जो सुर और संगीत की लहरियां उठी तो सीधे लोगों के हृदयों तक उतर गई। निताशा सेठी ने मधुवंती राग गा कर स्वर ताल व सरगम से दर्शकों को आसमान में उड़ते हुए पतंगों का एहसास करवाया। कशिश ने राग यमन पर आधारित प्रस्तुति दी तो दीपक व अरुण ने हारमोनियम व तबले से जुगलबंदी कर वाद्ययन्त्रों की ओर दर्शको का ध्यान आकृषित। अंत में पंजाबी लोक गायक बलकरण बल ने जब अपनी बुलंद आवाज में गाना शुरु किया तो दर्शक झूम उठे। उन्होंने पंजाबी टप्पे, हीर व पंजाबी गीत-ऐ मिट्टी पंजाब दी ए... सुनाते हुए इस संगीतमय कार्यक्रम को अलग ही स्तर पर ले गए। उन्होंने राग भैरवी व शिरंजनी में अपनी प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर प्रसिद्ध चित्रकार शिवम ने कार्यक्रम के दौरान ही कागज पर अलग-अलग रंगों से सुर संगीत से जुड़ी अति सुंदर पेंटिंग उकेर कर सबको अपनी उत्कृष्ट कला प्रतिभा से अवगत करवाया। अनेक बच्चों ने भी ब्रश व रंगों से अलग-अलग प्रकार की सुंदर पेंटिग्स बनाकर अपने भाव प्रस्तुत किए। स्थानीय कलाकर प्रेम द्वारा बनाई गई पेंटिग को भी खूब सराहना मिला। अतिथियों व कला प्रेमियों ने तालियां बजाकर बच्चों व बाहर से आए कलाकारों का उत्साह वृद्धन किया।

संबोधन में मुख्य अतिथि राजा राम स्कूल प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि वसंत पंचती पर्व नवरचना, नव सृजन का उत्सव है और इस उत्सव को मनाने के लिए राजा राम स्कूल के प्रांगण का चयन किया जाना भी बिल्कुल सटीक चयन है। क्योंकि 70 वर्ष पहले जब बालिका शिक्षा की ओर ध्यान नहीं दिया जाता था तो उस समय हमारे पूर्वजों ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए यहां से डबवाली में बालिका शिक्षा का अध्याय शुरु किया। क्षेत्र में लड़कियों की शिक्षा की अलख जगाने के इस पुनीत कार्य के पीछे लाला राजा राम जी का त्याग व संघर्ष है। उन्होंने शानदार प्रस्तुतियों के लिए सभी गायकों व अन्य कलाकारों की खूब सराहना की। क्लब के चीफ कोआर्डिनेटर संजीव शाद ने कार्यक्रम का शानदार संचालन किया।

An NGO Dedicated to the Society as a Whole.....

# गणित मेला

## दिनांक 4 फरवरी 2025









महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में वरच्युस क्लब द्वारा गणित मेले का आयोजन, 19 स्कूलों के विद्यार्थियों ने 51 गणित माडल्स किए प्रदर्शित–''गणित के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखना बहुत जरुरी'' खंड शिक्षा अधिकारी–''ऐसे विषय से संबंधित आयोजन बच्चों में बढ़ाते हैं विषय के प्रति रूचि'' (बलदेव सिंह मांगेआना) डबवाली नगर की प्रमुख संस्था वरच्युस क्लब द्वारा महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में आज मंगलवार को राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में गणित मेले का भव्य आयोजन किया गया। इसमें डबवाली ब्लॉक व आसपास के पंजाब क्षेत्र में स्थित 19 स्कूलों के विद्यार्थियों ने 51 गणित मश्वडल्स प्रदर्शित किए। स्कूल के बच्चों व अन्य लोगों ने इन मॉडल्स का अवलोकन किया व गणित विषय के बारे में अहम जानकारी हासिल की।

इस अवसर पर भाजपा के विधानसभा प्रतिनिधि बलदेव सिंह मांगेआना व भाजपा के जिला महामंत्री सतीश जग्गा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण दास नाहर ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा नेता विजयंत शर्मा, सेवानिवृत प्रिसिपल सुरजीत सिंह मान, प्रिंसिपल निर्मल सिंह गंगा कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि बलदेव सिंह मांगेआना ने अन्य अतिथियों के साथ रिबन काटकर गणित मेले का शुभारंभ किया। सबसे पहले गर्ल्स स्कूल के प्रिंसिपल दीपक मोंगा ने सभी का स्वागत किया।

संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण दास नाहर ने कहा कि गणित के प्रति सकारात्मक –ष्टिकोण रखना बहुत जरुरी है, इससे गणित की समस्याओं को हल करने में आसानी रहती है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे गणित के मूल सिद्धांतों को समझें, जिससे आपको गणित जल्दी समझ आएगा। सतीश जग्गा ने कहा कि गणित के विषय व जीवन के गणित में सहजता बनाए रखना जरुरी है। मुख्य अतिथि बलदेव सिंह मांगेआना ने कहा कि वरच्युस क्लब द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है। ऐसे विषय संबंधित आयोजनों से बच्चों की विषय के प्रति रूचि बढ़ती है और उन्हें पढ़ाई में आसानी रहती है। उन्होंने महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन को भी याद किया।

प्रकल्प प्रमुख सोनू बजाज ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बताया कि रामानुजन ने गणित विषय में गहन अध्ययन करते हुए करीब 3900 फार्मूले दिए जिससे हमारे लिए गणित को समझना आसान हो गया। उनकी संख्या पति गणित के अन्य अनुसंधान में अत्यंत ही लाभकारी साबित हुई। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए क्लब सचिव नरेश शर्मा ने बच्चों के बीच गणित विषय पर आधारित ओपन क्विज करवाया और सही जवाब देने वाले बच्चों को मौके पर ही पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन क्लब के चीफ कोआर्डीनेटर संजीव शाद ने रोचक अंदाज में किया और बच्चों को कार्यक्रम के साथ जोड़ कर रखा। प्रवीण कुमार, वेद कालड़ा, परमजीत कोचर, रमेश सेठी, प्रणव ग्रोवर ने विभिन्न व्यवस्थाओं को संभाला। अंत में प्रधान हरदेव गोरखी व प्रबंधक डा. बीर चंद गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया।

बाल मंदिर स्कूल ने पाया प्रथम स्थान ।

गणित विषय पर प्रदर्शित मश्वडल्स की प्रतियोगिता में गणित प्राध्यापक डा. अवतार सिंह, मनीष गुप्ता व सोनू बजाज ने निर्णायक की भूमिका निभाई। टॉप–3 मॉडल्स में बाल मंदिर स्कूल का मैथ मेनिया मॉडल प्रथम, राजकीय गर्ल्स स्कूल का शॉर्टेस्ट डिस्टंस मॉडल द्वितीय व राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल देसूजोधा का प्रोबेबिल्टी किंग मॉडल तृतीय घोषित किए गए। उन्हें 1100–1100 रुपए की राशि व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उनके साथ आए गणित अध्यापकों को भी वरच्युस क्लब द्वारा रामानुजन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से गणित अध्यापक, स्कूल स्टाफ व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

An NGO Dedicated to the Society as a Whole.....

# वरच्युस महिला कबड्डी लीग

## दिनांक 8 फरवरी 2025








''वरच्युस महिला कबड्डी लीग'' में भिवानी जिले से आई लड़कियों की टीम बनी विजेता - ''हमारी बेटिया जीती रहें और हमेशा जीतती रहें''-(आदित्य देवीलाल) डबवाली नगर की प्रमुख संस्था वरच्युस क्लब द्वारा स्थानीय महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय में लड़कियों की दूसरी राज्य स्तरीय चौंपियनशिप वरच्युस महिला कबड्डी लीग का भव्य आयोजन किया गया। इसमें भाग लेने के लिए हरियाणा के विभिन्न शहरों से लड़कियों की 16 टीमें पहुंची।
इस टुर्नामेंट में कड़े मुकाबले के बाद जिला भिवानी के खुंगर भैनी गांव की योद्धा टीम ने विजेता बनने का गौरव पाया। फाइनल मुकाबले में योद्धा टीम ने तोशाम की डायनामाइटस टीम को 23-21 के अंतर से हराया। जिला पानीपत के गांव डाहर की बुल्स टीम जिला सोनीपत के गांव भावड़ की राइडर्स टीम को 19-17 के अंतर से हरा तृतीय स्थान प्राप्त किया। टूर्नामेंट में डायनामाइट टीम से तोशाम की खिलाड़ी रौनक ने बेस्ट कैचर एवं जिला भिवानी की योद्धा टीम से खिलाड़ी मनीषा ने बेस्ट रेडर का खिताब अपने नाम किया।

इस कबड्डी लीग के उद्घाटन समारोह में शहर की प्रसिद्ध महिलाएं डा. राखी गुलाटी, डा. शालू पूनिया, डा. गरिमा चौधरी, डा. दीपिका जिंदल व सुमन कामरा ने मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचकर इस चौंपियनशिप का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। हट कबड्डी, कोमल है कमजोर नहीं, शक्ति का नाम ही नारी है आदि नारों की गूंज के साथ इस भव्य खेल टूर्नामेंट का आगाज किया गया। संबोधन में डा. राखी गुलाटी ने कबड्डी लीग शुरु करने की घोषणा करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐसे महिला खेल टूर्नामेंट का आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है। इन टूर्नामेंट्स में महिलाएं अपनी प्रतिभा दिखाती हैं जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। महाराणा प्रताप कॉलेज की प्रिंसिपल अंजु बाला ने सभी अतिथियों व अन्य लोगों का स्वागत किया। प्रकल्प प्रमुख नरेश शर्मा ने बताया कि इस बड़े टूर्नामेंट में हरियाणा की 16 टीमों के 160 महिला खिलाड़ियों ने भाग लेकर इतिहास रचा है। महिला थाना प्रभारी कमला रानी ने विशेष तौर पर पहुंचकर उपस्थित छात्राओं को डायल 112 एप व अन्य जानकारी देते हुए जागरूक किया।

इसके बाद एनआईएस ट्रेंड कोचों की देखरेख में विभिन्न टीमों के बीच सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक दिलचस्प कबड्डी मुकाबले हुए। इसे देखने के लिए कॉलेज की छात्राओं में काफी उत्साह नजर आया। टूर्नामेंट के समापन समारोह में डबवाली के विधायक आदित्य देवीलाल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए, जबकि सम्मानीय अतिथि के रूप में पैट्रो डीलर संदीप चौधरी, नगरपरिषद चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा, पवन सोनी, परम धुन्ना, वरूण सिंगला, सुनील मैहता, नंदीशाला प्रधान पंकज मोंगा, संजय कक्कड़, अनिल सिंगला, हकीकत सिंह, अमन सुखीजा, सचिन कालड़ा, अमित खरब, दिलबाग सचदेवा व कुंज बिहारी शामिल हुए। आदित्य देवीलाल ने टूर्नामेंट की विजेता टीम को वरच्युस कप व 15 हजार रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया। उपविजेता टीम को वरच्युस कप व 11 हजार रुपए की राशि एवं तृतीय रही टीम को वरच्युस कप के साथ 5100 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया।

संबोधन में आदित्य देवीलाल ने कहा कि डबवाली इलाके में इस प्रकार के खेल टूर्नामेंट का बड़ा आयोजन बहुत ही सराहनीय प्रयास है। इससे क्षेत्र के बेटे-बेटियों का रूझान खेलों की तरफ निश्चित तौर पर बढ़ेगा और युवा वर्ग नशे की गिरफ्त से बाहर आकर प्रगति पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से खिलाड़ी में अनुशासन एवं लीडरशिप की क्वालिटी भी पैदा होती है। उन्होंने टूर्नामेंट में भाग लेने दूर-दूर से आई लड़कियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमारी बेटिया जीती रहें और हमेशा जीतती रहें। वरच्युस क्लब के संस्थापक केशव शर्मा ने कहा कि क्लब द्वारा पिछले 45 वर्षों से खेल, कला, साहित्य, स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न प्रकल्प लगाकर अपना सामाजिक दायित्व निभाया जा रहा है। क्लब पदाधिकारी -दृढ़ संकल्पित हैं कि इस तरह के बड़े आयोजनों का सिलसिला भविष्य में भी लगातार जारी रहे। अंत में प्रधान हरदेव गोरखी ने सभी का धन्यवाद किया। मंच संचालन क्लब के चीफ कोआर्डिनेटर संजीव शाद ने बखूबी किया।

**An NGO Dedicated to the Society as a Whole.....**

Registration No. HR11201601461
PAN NUMBER : AAAAV7570K
NGO REGISRATION NO.
HR/2009/0011166

# Annual Report

2024-2025

## Virtuous Club India

Virtuous Bhawan, Near Ram Sharanam Aashram, Mandi Dabwali 125104
Contact : Keshav Sharma 94672-00027, 93558-73107
Virtuousclub1983@gmail.com, www.virtuousclub.com

An NGO Dedicated to the Society as a Whole.....

## About Us

Virtuous Club India (Regd.) Mandi Dabwali, is an NGO completely dedicated to society. The foundation of this NGO was laid by Mr. Keshav Sharma in the year 1983. The name 'Virtuous' was given by educationist Late Mr. Atma Ram Arora. Now Virtuous Club India (Regd.) Works in Total 5-6 Domains for the Social Welfare like Education, Sports, Social, Culture, Health and environment etc.

" मानवता की सेवा ही हमारा धर्म है "




# Virtuous Club India


Virtuous Bhawan, Near Ram Sharanam Aashram, Mandi Dabwali 125104
Contact : Keshav Sharma 94672-00027, 93558-73107
Virtuousclub1983@gmail.com


**An NGO Dedicated to the Society as a Whole.....**

# वरच्युस परिवार 2024-2025




An NGO Dedicated to the Society as a Whole.....



# Founder Feeling

It is with great honor that I reflect upon the contributions of Virtuous Club India (Regd.), Mandi Dabwali, during the year 2024 in various domains of social service. Having been associated with this non-governmental organization for 42 years, my objective as founder is to further enhance its standing within the community through diverse social welfare initiatives. These projects, undertaken periodically by the NGO, are designed to address societal needs, particularly in areas where governmental agencies may have limited reach, specifically within the fields of education and environmental preservation. This proactive approach fosters an unprecedented level of societal harmony.The dedicated and dynamic members of our team operate under the exceptional guidance of the NGO's President, Mr Hardev Gorkhi I have full confidence in their unwavering and unconditional dedication and support in the years ahead. Their commitment to achieving new milestones in social service, the core mission of the NGO, remains steadfast.I extend my sincerest and heartfelt wishes for their continued success in future endeavors.Keshav SharmaFounderVirtuous Club India (Regd.)